राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

सादर प्रकाशनार्थ :-

मैं सारवकर नहीं हूँ, मैं गाँधी हूँ के नारे की गूँज के साथ कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

जयपुर, 23 मार्च। केन्द्र की मोदी सरकार की फासीवादी नीतियों तथा संवैधानिक संस्थाओं के दुरूपयोग के विरूद्ध कांग्रेस नेता श्री राहुल गाँधी द्वारा सत्य की लड़ाई के समर्थन में आज राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा के नेतृत्व में जयपुर में निवासरत मंत्रीगण, विधायकगण व विधायक प्रत्याशीगण एवं जनप्रतिनिधिगण तथा 1500 से अधिक कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी मुख्यालय के बाहर केन्द्र सरकार के विरूद्ध प्रदर्शन किया तथा श्री राहुल गाँधी के न्यायालय से बाहर आने तक बैठक आयोजित कर श्री राहुल गाँधी के नेतृत्व में शहीद भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरू के शहीद दिवस पर शहीदों के त्याग से प्रेरित होकर संवैधानिक संस्थाओं के दुरूपयोग के विरूद्ध लड़ाई लड़ने का संकल्प लिया।

बैठक को सम्बोधित करते हुए प्रदेशाध्यक्ष श्री डोटासरा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी महात्मा गाँधी की विचारधारा पर चलते हुए आम आदमी के लिए कार्य करती है तथा देश की जनता की समस्याओं के निराकरण की लड़ाई लड़ती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता श्री राहुल गाँधी देश की जनता की समस्याओं पर निडरता के साथ केन्द्र सरकार के समक्ष अपने विचार रखते है तथा राष्ट्रहित में कार्य करते है। उन्होंने कहा कि विपक्षी नेताओं की आवाज को दबाने के लिए केन्द्र सरकार द्वारा संवैधानिक संस्थाओं का दुरूपयोग सारी दुनिया देख रही है। उन्होंने कहा कि श्री राहुल गाँधी निडरता के साथ सत्य की लड़ाई लड़ते हुए अपने विचार रखते है। उन्होंने कहा कि श्री गाँधी अपने विचारों पर अडिग है उन्होंने सावरकर की तरह माफी माँगना उचित समझने की बजाए अपने विरूद्ध की जा रही कार्रवाई को स्वीकार किया। उन्होंने कहा कि श्री राहुल गाँधी सत्य की लड़ाई लड़ रहे है, न्यायालय का फैसला स्थगित हो गया है जिसे न्यायिक प्रक्रिया के तहत् चुनौती दी जाएगी किंतु कांग्रेस पार्टी की लड़ाई उन फासीवादी ताकतों से है जो देश की सत्ता में बैठकर संवैधानिक संस्थाओं का दुरूपयोग व विपक्षी नेताओं को डराने-धमकाने, आम आदमी की आवाज दबाने के साथ ही ईडी, सीबीआई में बुलाकर विरोधियों को प्रताड़ित करने का कार्य कर रहे है। उन्होंने कहा कि

Created by Universal Document Converter

कांग्रेस की वरिष्ठ नेता श्रीमती सोनिया गाँधी जिन्होंने बहुमत होने के बावजूद प्रधानमंत्री पद त्याग दिया था, को ईडी के माध्यम से परेशान करने में कोई कसर नहीं छोड़ी तथा श्री राहुल गाँधी को ईडी द्वारा 5 दिन तक बिना किसी कारण के पूछताछ के लिए बुलाकर परेशान किया गया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेताओं को संसद में नहीं बोलने दिया जाता। श्री राहुल गाँधी बोलते है तो संसद के माईक बंद कर दिए जाते है। उन्होंने कहा कि देश में मोदी सरकार जिस प्रकार से तानाशाही पूर्ण शासन चला रही है उसकी निंदा कांग्रेस पार्टी करती है तथा केन्द्र के फासीवादी शासन को समाप्त करने का संकल्प शहीद दिवस के अवसर पर सभी कांग्रेसजनों ने लिया है। उन्होंने कहा कि देश को निरंकुश शासन से बचाने के लिए सभी कांग्रेस नेता एवं कार्यकर्ता श्री राहुल गाँधी के नेतृत्व में संघर्ष करेंगे चाहे कितनी भी कठिन एवं विषम परिस्थितियों का सामना करना पड़े। कांग्रेस कार्यकर्ता केन्द्र से मोदी सरकार के निरंकुश शासन को समाप्त करेंगे।

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि प्रदेशाध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा के आह्वान पर अल्पसमय में सूचित कर बुलायी गयी बैठक में राज्य मंत्रिमण्डल के सदस्य डॉ. महेश जोशी, श्री गोविन्द राम मेघवाल, श्री प्रताप सिंह खाचरियावास, विधायक डॉ. जितेन्द्र सिंह, श्री रफीक खान, श्री अमीन कागजी, श्रीमती कृष्णा पूनियां, श्री प्रशान्त बैरवा, श्री अनिल शर्मा, श्री अमित चाचाण, प्रदेश कांग्रेस कोषाध्यक्ष श्री सीताराम अग्रवाल, उपाध्यक्ष श्रीमती नसीम अख्तर, प्रदेश सचिव श्री ललित तूनवाल, श्री रामसिंह कस्वां, श्री जसवंत गुर्जर, श्री भूराराम सिरवी, श्री राजेन्द्र यादव, श्री मुकेश वर्मा, श्री ललित यादव, श्री प्रशान्त सहदेव शर्मा, प्रवक्ता श्री आर.सी. चौधरी, श्री स्वर्णिम चतुर्वेदी, राजस्थान सरकार के निगम/बोर्ड के चेयरमेन श्री पुखराज पाराशर, डॉ. अर्चना शर्मा, श्री मुमताज मसीह, डॉ. खानू खाँ बुधवाली, श्री पवन गोदारा, उपाध्यक्ष श्री रामसहाय बाजिया, जयपुर हैरिटेज महापौर श्रीमती मुनेश गुर्जर, एनएसयूआई अध्यक्ष श्री अभिषेक चौधरी, श्री विद्याधर सिंह चौधरी, श्री हरसहाय यादव, श्री कुलदीप सिंह पूनियां, श्रीमती ज्योति खण्डेलवाल, श्री पूसाराम गोदारा, डॉ. भवी मीणा सहित 1500 से अधिक कांग्रेस कार्यकर्ता प्रदर्शन में शामिल हुए।

(स्वर्णिम चतुर्वेदी)
प्रवक्ता
मो. 9414074197

Created by Universal Document Converter